हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, सोमवार 18 मई 2026



## खबर संक्षेप

### हत्या प्रयास मामले में शामिल आरोपी पकड़ा

**हिसार।** नई अनाज मंडी चौकी पुलिस ने हत्या प्रयास के मामले में आरोपी शहर के रूप नगर निवासी सुमित को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग डंडे के आगे लगा लोहे का चांद बरामद किया गया है। एएसआई सराजुद्दीन ने बताया कि इस संबंध में 23 दिसंबर 2025 को भारत नगर निवासी गौरव की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार वह 22 दिसंबर को रात साढ़े सात बजे के आसपास वह और उसका दोस्त पीयूष दोनों मोनू के आफिस गौरव व सौरभ से बात करने गए थे। वहां पर गौरव व सौरभ तथा रोशन पहले से आफिस मे बैठे थे। उसने गौरव से कहा कि तुमने उसे दिन उसको गालियां क्यूं दी थी। इस पर गौरव ने उसे कहा कि गाली की क्या बात करता है, मैं गोली भी मार दूंगा। इस बात पर उनकी आपस मे हाथापाई होने के बाद वह और उसका दोस्त पीयूष अपने घर की और चलने लगे। इस दौरान आरोपियों द्वारा डंडे, गंडासी से हमला करते हुए हवाई फायर कर दिया। जांच के दौरान 6 आरोपी पहले से गिरफ्तार किये जा चुके है तथा सातवें आरोपी सुमित को अब गिरफ्तार किया गया है।

### आर्म्स एक्ट के मामले में असलहा सप्लायर दबोचा

**आदमपुर।** पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के एक पुराने मामले में असलहा सप्लायर हनुमानगढ़ जिले के गांधी बड़ी निवासी सुल्तान को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया ने बताया कि 6 फरवरी 2023 को वन्य जीव निरीक्षक की शिकायत पर गांव भोडिया बिश्नोईयान से आरोपी सुमेर उर्फ सुमार से तीन टोपीदार बंदूक मिलने पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भिजवाया गया था। आरोपी सुमेर द्वारा तीन टोपीदार बंदूकें आरोपी सुल्तान से खरीद की गई थी। इसी संबंध में सुलतान को गिरफ्तार किया गया है।

### गेहूं चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई गेहूं की बोरियां तथा वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हांसी निवासी सन्नी उर्फ काली, पवन तथा प्रवीन उर्फ बल्लू के रूप में हुई है। उप निरीक्षक अनिल कुमार 15 मई को कुंगड़ गांव निवासी अनूप कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह हांसी अनाज मंडी में आढ़ती का कार्य करता है। मंडी में जींद चौक के पास गेहूं के कट्टे और बोरियां की लेयर से कई कट्टे और बोरियां गायब मिली। शिकायत के आधार पर शहर थाना में चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को काबू कर चोरी का सामान बरामद कर अदालत में पेश किया गया, जहां से सन्नी और प्रवीन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**हमला:** गोरछी में वारदात, होमगार्ड और एसपीओ सहित तीन को आईं चोटें

# ईंट भट्ठे पर बंधक मजदूर को छुड़ाने गई पुलिस टीम पर पथराव, ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास

- आरोपियों ने ट्रैक्टर पीछे लगाकर काबू किए गए दो मजदूरों को छुड़वाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नजदीकी गांव गोरछी के ईंट भट्ठे पर एक मजदूर को बंधक बनाकर पीटने व सूचना के बाद उसे छुड़वाने के लिए पहुंचे पुलिस कर्मचारियों पर हमले का समाचार है। पुलिस पर ईंट व डंडों से किए गए हमले में होमगार्ड व एसपीओ सहित तीन को चोटें लगी हैं। यही नहीं, इस दौरान काबू किए दो मजदूरों को छुड़वाने के लिए आरोपियों ने पुलिस कर्मचारियों को ट्रैक्टर से कुचलने का भी प्रयास किया और अपने साथियों को छुड़वाकर ले गए। पुलिस ने एएसआई प्रदीप की शिकायत पर गोरछी गांव के ईंट भट्ठे पर कार्यरत कई मजदूरों पर केस दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस संबंध में गोरछी गांव स्थित पूनिया ईंट भट्ठा के मालिक सुरेन्द्र पूनिया ने बालसमंद चौकी में आकर शिकायत दी थी कि उसके भट्ठा पर काम करने वाले एक मजदूर रजनीश को अन्य मजदूरों ने बंधक बना लिया है और मारपीट कर रहे हैं। सूचना के बाद बालसमंद चौकी से एएसआई प्रदीप कुमार पीसीआर में ईएचसी विकास, एसपीओ जगदीश व चालक, चालक प्रवीण व होमगार्ड कुलदीप के साथ उक्त भट्ठे पर पहुंचे। मौके पर उन्होंने देखा कि झुग्गी मे मजदूर रजनीश को बैठा रखा था और उसको काफी चोटें लगी हुई थी। ज्यों ही एएसआई प्रदीप अन्य कर्मचारियों के साथ झुग्गी में दाखिल होकर अंदर बैठे मजदूर रजनीश को छुडाने का प्रयास करने लगा तो मौका पर मौजूद मजदूरों में से एक औरत झुग्गी के दरवाजे के आगे अपने हाथ अड़ाकर खड़ी हो गई। उसके साथ अन्य मजदूर भी खड़े हो गए और बंधक बनाकर झुग्गी में बैठाए मजदूर बारे कहने लगे इसको नहीं ले जाने देंगे, इसने हमारे परिवार की औरत को दूसरे लड़के के साथ भगाया है और इससे हम अपने तौर पर पूछताछ करेंगे।

### महिला को दी कपड़े फाड़ने की सलाह

एएसआई प्रदीप के अनुसार इस दौरान औरत के साथ खड़े अन्य मजदूरों ने हाथ अड़ाए खड़ी औरत को अपने कपड़े फाड़ने व शोर मचाने की सलाह दी। पुलिस टीम ने उन्हें समझाया और हाथ अड़ाए खड़ी औरत को दूर करना चाह तो साथ में खड़े सभी मजदूरों ने वहीं झुग्गी की ईंटे फाड़कर पुलिस पार्टी पर पथराव कर दिया। औरत ने अपने साथी मजदूरों का साथ देते हुए झुग्गी से डंडा उठाकर पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया।

### इनको आई चोटें

झुग्गी के अंदर से अचानक हुए हमले से होमगार्ड कुलदीप के मुंह पर चोट लगी और उसका मोबाइल भी टूट गया। एसपीओ जगदीश के हाथ पर व इएचसी विकास के कमर व गर्दन पर चोटें आई। पुलिस कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए दो मजदूरों को काबू कर लिया। उन्हें जब पीसीआर की तरफ ले जाने लगे तो उनके साथी मजदूर मंगल ने भट्ठा पर खड़े ट्रैक्टर स्वराज को चलाकर हमारे पीछे लगा दिया। मंगल ने ट्रैक्टर को वहीं घुमा-घुमा कर हमारे उपर चढ़ाने की कोशिश करते हुए पुलिस कर्मियों कोा ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की। इस कारण पकड़े हुए दोनो मजदूर छुड़वाकर अपने साथियों के साथ शामिल हो गए। मौके पर एएसआई प्रदीप व अन्य ने झुग्गी में बैठाए गए मजदूर रजनीश कुमार को झुग्गी से निकालकर ईंट भट्ठा मालिक सुरेन्द्र के हवाले किया। उससे भी घटना व मारपीट बारे पूछताछ की गई।

### आरोपी फरार, ट्रैक्टर लिया कब्जे में

एएसआई प्रदीप ने पूरे घटनाक्रम अधिकारियों को अवगत करवाया गया। सूचना के बाद मौके पर अन्य पुलिस बल जिनमे डायल 112 भी शामिल थी, पहुंची। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने छानबीन शुरू की और पूरा ब्यौरा लिया। इसी दौरान सभी आरोपी मौके का फायदा उठाकर वहा से भाग गए। जाते समय आरोपी अपने स्वराज ट्रैक्टर को वहीं छोड़ गए। पुलिस कर्मियों ने उन्हें काफी तलाश लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने आरोपियों द्वारा मौके पर छोड़ा गया ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया गया है। भट्ठा मालिक की मौजूदगी में ट्रैक्टर को चौकी में खड़ा किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### इन लोगों पर केस दर्ज

मौके पर बंधक बनाए गए मजदूर रजनीश व अन्य से पूछताछ में जिन मजदूरों का मारपीट व पुलिस पर हमला करने का पता चला है, उन पर केस दर्ज कर लिया गया है। भट्ठा मालिक सुरेन्द्र व मजदूर रजनीश से मिली सूचना के अनुसार चोट मारने वालों मे मंगल चंद, संजय, छोटू, सुभाष चन्द्र, मंजू पत्नी मंगल पर पुलिस पर हमला करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने व मारपीट करने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। ये सभी आरोपी राजस्थान के राजगढ़ तहसील के गांव इदासर निवासी है। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## रवि का वार, पारा फिर 42° के पार

**हिसार।** पिछले कई दिनों से चल रहे पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ ही अब तापमान बढ़ने लगा है। रविवार को हिसार का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों ने फिलहाल इसी तरह का मौसम रहने की संभावना जताई है। बदलते मौसम के चलते रविवार को गर्मी का तेज असर देखने को मिला। शहर का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। लू चलने के कारण बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी।सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण गर्मी का असर बढ़ने लगा था। दोपहर होते-होते हालात और अधिक कठिन हो गए। खासकर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं। गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में ही रहने को मजबूर नजर आए। मौसम विशेषज्ञों ने दी सलाहमौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। इसके चलते लोगों को अभी कुछ दिन और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में किसानों व आम नागरिकों को विशेषज्ञों की सलाह अनुसार ही काम करना चाहिए।कैसा रहेगा प्रदेश का मौसमएचएयू के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि राज्य में 22 मई तक मौसम आमतौर पर खुश्क व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान दक्षिण पश्चिमी खुश्क गर्म हवाएं अर्थात लू चलने की भी संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना के कारण बीच बीच में कहीं कहीं हल्के बादल व धूल भरी हवाएं चलने की संभावना बन रही है परंतु रात्रि तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।

## हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर गाड़ी की टक्कर से किशोर की मौत, बाइक चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर बरवाला पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस मामले की जांच कर रहे हवलदार रमेश कुमार ने बताया कि बरवाला निवासी सुमित कुमार अपने परिचित 15 वर्षीय किशोर हिमांशु के साथ बाइक पर सवार होकर हिसार की ओर से बरवाला लौट रहा था। जब वे हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बरवाला क्षेत्र स्थित थर्मल पावर प्लांट के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक गाड़ी के अंदर घुस गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक पर सवार दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी तथा घायलों को संभालने में मदद की। दोनों घायलों को तत्काल बरवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर चोटों के चलते बरवाला निवासी 15 वर्षीय हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक सुमित कुमार की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद बरवाला के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

सूचना मिलते ही बरवाला पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को सड़क से हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और बाइक और गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी। पुलिस ने मृतक हिमांशु के शव को बरवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया है। पुलिस द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# खेतों में पानी न पहुंचने से किसानों में गुस्सा

- बुडाना सब माइनर पर एकत्रित होकर सिंचाई विभाग व प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



नारनौंद। नहर पर किसान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

गांव बुडाना में नहरी पानी नहीं पहुंचने से परेशान किसानों का रविवार को गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में किसान बुडाना सब माइनर पर एकत्रित हुए और सिंचाई विभाग व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी कागजों में माइनर की सफाई दिखाकर खानापूर्ति कर रहे हैं, जबकि हकीकत में लंबे समय से माइनर की सफाई नहीं करवाई गई। यही कारण है कि गांव तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही। किसान बलवान, पाला राम, जोगेंद्र उर्फ जोग, राजा ढांडा, दीप ढांडा ने बताया कि 13 मई को नहरों में पानी छोड़ा गया था, लेकिन बुडाना गांव तक पानी नहीं पहुंचा।

कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि धान की पौध तैयार करने और ज्वार समेत अन्य फसलों की सिंचाई के लिए इस समय पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। पानी नहीं मिलने से फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के तीन तालाब भी सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं जिससे पशुओं के लिए पेयजल संकट गहरा गया है। पशुओं को पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि अब करीब डेढ़ से दो महीने बाद ही दोबारा नहरों में पानी आएगा। यदि अभी पानी नहीं मिला तो उनकी फसलें पूरी तरह खराब हो जाएंगी। किसान रमेश सिवाच, अजीत, महावीर, प्रेम, नवीन, प्रदीप, सुनील, कुलदीप, हरदीप, अंकित, प्रवीन और सुधीर सहित अन्य किसानों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की।

### सोमवार तक पानी पहुंचाने का दावा

सिंचाई विभाग नारनौंद के एसडीओ अजय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद संबंधित जेई को तुरंत निर्देश दिए गए हैं। मजदूर लगाकर माइनर की सफाई का कार्य शुरू करवाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सोमवार तक हर हाल में माइनर में पानी पहुंचा दिया जाएगा।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के तीन मामलों में चार पकड़े

**बरवाला।** पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के तीन अलग अलग मामलो में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मतलोढ़ा निवासी मंदीप, ढाणी गोपाल निवासी साहिल खेदड़ निवासी सचिन और छान निवासी रवि शामिल हैं। थाना प्रभारी बरवाला इंस्पेक्टर कर्मजीत ने बताया कि पिछले वर्ष 6 नवंबर को मतलोढ़ा निवासी मनदीप उर्फ भक्कन के बयान पर नामजद आरोपियों द्वारा बनभोरी व मतलोडा के बीच जान से मारने की नीयत से उसकी पिटाई करने का मामला दर्ज किया गया। उन्होने बताया की मामले की जांच के दौरान उप निरीक्षक अनूप ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह एक अन्य मामले इस वर्ष 2 मई को खेदड़ निवासी सुनील कुमार की शिकायत पर नामजद आरोपियों द्वारा उसे उसकी गाड़ी से नीचे उतारकर गाली गलौच करके पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान एएसआई अनिल कुमार ने आरोपी खेदड़ निवासी सचिन को गिरफ्तार किया है। उधर, पुलिस ने होटल में घुसकर मारपीट करने के मामले में छान निवासी आरोपी रवि को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मजीत ने बताया कि पिछले वर्ष 21 अक्टूबर को राजली निवासी सरदानंद की शिकायत पर नामजद आरोपियों द्वारा उसके होटल बरवाला पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार ने आरोपी रवि को गिरफ्तार किया है।

# युवती ने किसान को लगाया 7.19 लाख का चूना

## नेटवर्क नहीं होने का बहाना बनाकर गायब, फेसबुक आईडी भी डिलीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- बैंक खातों और व्हाट्सएप नंबरों को खंगालने में जुटी साइबर पुलिस

फेसबुक पर लंदन की बिजनेस वुमन बनकर पूजा बंसल नामक महिला ने किसान को चूना लगा दिया। उक्त युवती सातरोड गांव निवासी एमए पास किसान राजेश सिहाग को सात लाख 19 हजार रुपये से अधिक का चूना लगाकर फरार हो गई। साइबर क्राइम पुलिस ने किसान की शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है। एएसआई सुरेंद्र सिंह का कहना है कि साइबर थाना पुलिस अब उन बैंक खातों और व्हाट्सएप नंबरों को खंगाल रही है, जिनके जरिए इस पूरी धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है।

साइबर पुलिस को दी शिकायत में सातरोड गांव निवासी किसान राजेश सिहाग ने बताया कि इस वर्ष 22 मार्च को उसके फेसबुक अकाउंट पर पूजा बंसल नाम की प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। बातचीत शुरू होने के बाद आरोपी महिला ने राजेश का व्हाट्सएप नंबर ले लिया और खुद को लंदन की इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट कारोबारी बताया, जो बेंगलुरु से भी काम संभालती है। बातों-बातों में उसने राजेश को झांसा दिया कि वह क्रिप्टो करेंसी का भी काम करती है, जिसमें मोटी कमाई होती है।

राजेश उसकी बातों में आ गया और निवेश के लिए तैयार हो गया। महिला ने राजेश को बताया कि वह यह काम अपने बॉस अंकित वर्मा के साथ मिलकर करती है। उसने अंकित का व्हाट्सएप नंबर देकर कहा कि वह ट्रेडिंग टिप्स देंगे, लेकिन इसके बदले मुनाफे का 30 प्रतिशत कमीशन अंकित को देना होगा। साथ ही यूडीएसटी स्लॉट को कम से कम 5 दिन होल्ड रखने की शर्त भी रखी गई। इसके बाद किसान से पांच बैंकों के खातों में 7.19 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए।

लाखों रुपए ऐंठने के बाद जब पीड़ित ने मुनाफे और रकम के बारे में मैसेज किए, तो पूजा बंसल ने 23 अप्रैल को मैसेज भेजा कि वह दो दिन के लिए बाहर जा रही है और वहां नेटवर्क नहीं रहेगा। इसके बाद उसने जवाब देना बंद कर दिया। जब राजेश ने इस पूरी घटना का जिक्र अपने दोस्तों से किया, तब जाकर उन्हें अहसास हुआ कि वे साइबर फ्रॉड के शिकार हो चुके हैं।

ठगी को अंजाम देने के बाद शातिर आरोपियों ने अपनी फेसबुक आईडी डिलीट कर दी है ताकि कोई सुराग न मिल सके। हालांकि, पीड़ित राजेश के पास उनके मोबाइल में व्हाट्सएप पर हुई सारी बातचीत का रिकॉर्ड सुरक्षित है, जिसे वे पुलिस को सौंपेंगे।

## पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं वर्करः बराला

**हिसार।** भाजपा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुभाष बराला रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के दूसरे दिन आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर अपना वक्तव्य दिया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने सभी वक्ताओं व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने 'राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां' विषय पर, एडवोकेट धूमन सिंह किरमिच ने 'कार्य विस्तार पर' एवं प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य ने 'विचार परिवार' पर अपने विचार रखे। आज के सत्र की अध्यक्षता क्रमशः मेयर प्रवीन पोपली, जितेन्द्र पनिहार, रामफल नैन एव पीयूष महता ने की जबकि संचालन कृष्ण सरसाना एवं कृष्ण खटाना ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक, विधायक रणधीर पनिहार, चेयरमैन रविन्द्र रॉकी, अजय गावड़, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, आईटी प्रमुख सुरेश जांगड़ा, सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़ सहित प्रदेश एव जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मुहिम** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिसार केंद्र ने की मेगा मैराथन

# सेहत और जागरूकता के लिए एक साथ दौड़े 300 धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आकाशवाणी प्रसारण के गौरवमयी 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को मेगा मैराथन हुई। इसे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आकाशवाणी के हिसार केंद्र की ओर से हुई इस मैराथन में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित 300 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मैराथन के लिए तैयार प्रतिभागी व झंडी दिखाते मंत्री रणबीर गंगवा।

वर्ष 1936 में स्थापित आकाशवाणी के 90 साल पूरे होने पर देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसी श्रृंखला में हिसार में यह आयोजन हुआ। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि आकाशवाणी दशकों से देश की आवाज बनी हुई है तथा समाज को स्वस्थ संस्कार, मनोरंजन और सटीक सूचनाएं देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास और जन-जागरूकता में आकाशवाणी का योगदान अतुलनीय है। मैराथन में हिसार रोडीज और हमारा प्यार हिसार ने सहयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संदीप कालियाना की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। दौड़ से पहले और बाद में प्रतिभागियों ने एरोबिक्स और जुम्बा डांस का आनंद लिया।

### विजेता धावकों को मेडल पहना किया सम्मानित

मैराथन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. डॉ. नरसी राम बिश्नोई उपस्थित रहे। उन्होंने दौड़ में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विजेता धावकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आकाशवाणी हिसार के निदेशक पवन कुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं और सभी प्रतिभागियों का सहृदय धन्यवाद किया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी से सुनीता रानी, दीपक हुड्डा सहित केंद्र के सभी प्रस्तोता और स्टाफ सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### बच्चों से बुजुर्गों तक ने दौड़ में दिखाया उत्साह

आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने पर हिसार में हुई लगभग 5 किलोमीटर लंबी मैराथन में मेगा मैराथन में हमारा प्यार हिसार संस्था के वरिष्ठ सदस्यों से लेकर बच्चों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आकाशवाणी हिसार के निदेशक पवन कुमार ने संस्था की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुशील खरींटा को सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी के रूप में विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वहीं डॉ. नम्रता अग्रवाल और श्रुति गुप्ता ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल कर संस्था का गौरव बढ़ाया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। मैराथन में सुशील खरींटा, राजेंद्र गहलोत, हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, राजन वर्मा, मधु गोयल, सुमन एरन, डॉ. नम्रता अग्रवाल, शिल्पा सर्राफ, ममता छाबड़ा, विजय कादियान, युद्धवीर पानू, मंदीप पूनिया, अनिल कुमार, रमेश कुमार, साहिल गिरधर, स्वाती गिरधर, श्रुति गुप्ता, ईशा बिष्ट, भाविका, आकांक्षा, तन्वी, भव्या, कैफी और सैफी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगवाने के दो आरोपी धरे

- क्रेटा गाड़ी में चल रहा था सट्टे का खेल, नकदी सहित लैपटॉप व मोबाइल बरामद

**हांसी।** आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए-1 हांसी की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 9 हजार 500 रुपए, चार मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, हिसाब-किताब रजिस्टर तथा सट्टा गतिविधियों में इस्तेमाल की जा रही क्रेटा गाड़ी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इंदिरा कॉलोनी निवासी अनिल और कृष्णा कॉलोनी निवासी शंकर के रूप में हुई है। एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान जींद रोड पुल के नीचे खड़ी सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी में आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी तो एक युवक मोबाइल फोन पर सट्टे का हिसाब ले रहा था, जबकि दूसरा लैपटॉप में रिकॉर्ड दर्ज कर रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को काबू कर पूछताछ की तो आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने और अन्य लोगों को सट्टा खिलाने का काम करते हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन, डेल लैपटॉप, हिसाब-किताब रजिस्टर और क्रेटा गाड़ी बरामद की।



कहानी

आशमा कौल

# मां की चिता के फूल



*यह भी कैसी विडंबना थी कि जिसको खुश करने के लिए मां पूरे परिवार का ध्यान रखती, वही रोज़ किसी न किसी कारण से नाराज़ होकर घर से निकल जाता था।*

अचंभे की बात है कि मां को गए अभी दो ही दिन हुए हैं और घर के सभी लोग समझदार और स्वावलम्बी हो गए। मैं और दीदी भी दो दिन में ही सयाने हो गए हैं। काश, यह सब मां के जाने से पहले हो जाता।

समीर चलो अब घर चलें " – पिता की आवाज़ ने उसे चेताया तो वह धीमे स्वर में बोला – " पापा आप चलें, मैं थोड़ी देर और बैठना चाहता हूं यहां ''।

" ठीक है तो हम चलते हैं, तुम जल्दी आना, कल तुम्हें मांके फूल लेकर हरिद्वार सुबह चार बजे निकलना है "।

" जी पापा'' – बिना पलकें उठाए समीर ने कहा ।

मां की चिता पर बैठे हुए समीर को आज बचपन का एक एक दिन याद आ रहा है और याद आ रही है सुबह- शाम लट्टू सी दौड़ती मां। बड़ा परिवार था सास-ससुर, पति, एक ननद, दो देवर और बेटा-बेटी मिलाकर कुल आठ सदस्य और सारे घर को संभालने वाली अकेली मेरी मां।

दादा-दादी दोनों ने सत्तर पार करते ही पलंग पकड़ लिया था। ननद पूरा दिन दफ्तर रहती, पापा और दोनों चाचा अपने खानदानी कारोबार में व्यस्त रहते, मैं और दीदी अपनी पढ़ाई और खेल-कूद में लगे रहते। मां की मदद कराने के नाम पर एक मेहरी आती जो सुबह सफाई और बर्तन निपटा कर चली जाती । पूरा दिन मां घूमती रहती। सुबह सबका नाश्ता-पानी कराकर शायद कुछ खा लेती और फिर दिनभर दादा जी और दादी जी की सेवा, शाम को सबके आने से पहले रात के भोजन की तैयारी और उसके साथ न जाने कितने सैकड़ों काम वह अकेली जान निपटाती।

आज मैं पछताता हूं, काश कि मैं तब थोड़ा समझदार होता और मां के दुख-दर्द का साथी बनता। मुझे आज भी याद है कि जब एक रात मां बहुत थकी हुई थी, कामवाली आंटी भी उस दिन नहीं आई थी और जब उन्होंने हमसे कुछ मदद मांगी, तब मैं और दीदी उनकी अनसुनी कर पूरा दिन घर से बाहर दोस्तों के साथ खेलते रहे थे। रात को पापा थोड़ा देर से आए थे और उन्हे परोसा गया खाना शायद थोड़ा ठंडा था । तब पापा मां पर बरस पड़े थे –

" लता यह क्या, ठंडा खाना परोस कर रख दिया है, पूरे दिन का थका आता हूं, कोई शर्म लिहाज़ है कि नहीं, पूरा दिन घर में आराम करती हो ''।

मां ने अपने पर संयम रखते हुए धीमे से कहा – " आज मैं सुबह से ही खड़ी हूं, दिन का खाना भी नहीं खा सकी ''। बस इतना कहने की देर थी कि पापा ने गुस्से में खाने से भरी हुई थाली ज़मीन पर दे मारी और मां को गाली देते हुए अपने कमरे में चले गए। किसी की हिम्मत न हुई कि पापा को कुछ समझ सकें, उल्टे सब मां पर ही बरसने लगे कि उन्होंने पति के सामने मुंह ही क्यों खोला। उस दिन शायद मां भी सारा काम निपटा कर रोते-रोते भूखी ही सो गई थी। मेरे अबोध मन को भी उस दिन एक गलत तालीम मिल गई थी कि मां तो होती ही है सिर्फ काम करने के लिए और डांट खाने के लिए। उस दिन के बाद से मां भी अपने प्रति बेपरवाह सी हो गयी थी। सवेरे पांच बजे उठकर चक्की की तरह काम पर लग जाती लेकिन कभी किसी से कोई शिकायत नहीं करती, करती भी तो किससे। किसके पास समय था कि उसके मन की सुनता, उल्टे सब अपनी परेशानियां उसके हवाले कर के घर से निकल जाते जैसे कि उस पर कोई एहसान रख रहे हों। पढ़ी- लिखी तो मां भी थी, उस ज़माने की मैट्रिक पास और फिर जल्दी विवाह हो गया, चाहती तो कहीं नौकरी भी कर सकती थी लेकिन उसे तो यह घर और घरवाले जैसे विरासत में मिले थे। मां अपने संस्कारों की पक्की थी, जो नाना-नानी ने विदा करते हुए पोटली में बांध कर साथ दिए थे। सच कहुं तो दादा-दादी मां को बहुत प्यार करते, इतनी संस्कारी और सुशील बहू जो मिली थी, लेकिन खराब स्वास्थ्य की वजह से वे मां की कोई मदद न कर पाते और न ही कुछ कह पाते। बुआ जी और दोनों चाचा जी भी मां को बहुत मानते और उन्हे भाभी मां कह कर ही संबोधित करते और इस मान के एवज़ में मां उनकी हर ज़रूरत का ध्यान रखती।

मुझे याद आ रहा है कि मां मुझे और दीदी को कितना लाड़ करती। पिता जी व्यस्त रहते तो मां ही पापा के हिस्से का प्यार भी हम पर उड़ेल देती और हम मां की परेशानियों और जिम्मेदारियों से बेखबर हवा में उड़ते रहते। मां घर का कम ध्यान रखती तो पापा को शिकायत रहती, पूरा ध्यान रखती तो भी पापा खुश न होते।

"सब घरवालों का ध्यान रखती हो, लेकिन मेरा क्या, मुझे लगता है तुम्हारी शादी मुझसे नहीं मेरे परिवार से हुई है '' - पापा आए दिन तरह तरह के ताने मां को सुनाते। तारीफ के दो शब्द तो कभी न कहते, उल्टा हमेशा उसे कोसते हुए ही घर से निकलते।

यह भी कैसी विडंबना थी कि जिसको खुश करने के लिए मां पूरे परिवार का ध्यान रखती, वही रोज़ किसी न किसी कारण से नाराज़ होकर घर से निकल जाता। पापा के पास भी मां से लड़ने के कई बहाने रहते। उनके काम की थकान , घर की परेशानियों की झुंझलाहट, मां को खरी - खोटी सुना कर ही मानो दूर होती और वह हल्के हो जाते । हम में से जो भी घर घुसता मांको अपने दिनभर की थकान थमा कर हल्का हो जाता, लेकिन मां अपने दिनभर की थकान किसे देती। जब उसका कष्ट उसका पति और बच्चे ही नहीं समझ पाए तो बाकि भी क्यों समझते। मैंने भी तो पापा से यही कुछ सीखा था और अब मैं भी आए दिन मां को परेशान करता, कभी नमक ज्यादा का बहाना बना कर भरी थाली छोड़ देता, कभी दूध गिरा देता और अब तो मैंने मां पर चिल्लाना भी सीख लिया था। वह कहते हैं न कि संगत का असर तो होता ही है। पापा की मर्दानगी देख मैं भी मर्द बनने की कोशिश करता। मां की तकलीफ कभी समझ नहीं पाया। दीदी की बोर्ड की परीक्षा सिर पर आ गई थी और उससे किसी तरह की उम्मीद रखना ही बेकार था ।

मां ने जब दूसरी कामवाली बाई को रखने की इच्छा ज़ाहिर की तो सभी ने यह कहकर मना कर दिया कि हाल ही में सोसाइटी में कई चोरियां हुई हैं और दो बाइयां रखने में चोरी का खतरा है। मां का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया बिचारी मां घर के चक्र व्यूह से कभी बाहर न आ सकी। अब आज इस चक्रव्यूह से मां निकल चुकी है लेकिन अपने जीवन को संस्कारों की दांव पर बलि चढ़ा कर।

कितनी अजीब बात है कि मां धीरे- धीरे अंदर ही अंदर तन और मन के बोझ से गल रही थी और परिवार में किसी को इसकी भनक तक न हुई । हम सब दोषी हैं, लेकिन मैं तो सबसे बड़ा दोषी हूं मां की असमय मृत्यु का। मां के बीमार होने से कुछ दिन पहले ही तो मैं बिना किसी बात मां पर भड़का था और मां मुझे समझाने का विफल प्रयास करती रही थी। वह मुझे अपनी जान से भी ज्यादा प्यार करती थी और मेरे इस व्यवहार से बहुत आहत हुई थी। अगले दिन मां को कमज़ोरी और परेशानी से उसे चक्कर सा आया और बेहोश होकर कोमा में चली गई और फिर कभी होश में न आई। मैं कितना अभागा हूं कि मैंने अपनी प्यारी मां को अपनी नासमझी की वजह से धीरे-धीरे मौत के मुंह में धकेल दिया। शायद अब घर में सभी को ऐसा महसूस हो रहा होगा। पापा और दीदी का तो रो-रो कर बुरा हाल है, शायद वे भी पछतावे की आग में जल रहे हैं और बाकि सब भी अंदर ही अंदर घुट रहे हैं। जाने-अनजाने में उनसे कितना बड़ा पाप हुआ है। सारा घर हैरान-परेशान है कि घर जिस धूरी पर चल रहा था, वह धूरी ही आज टूट गई है तो अब घर कौन संभालेगा। बहुत अचंभे की बात है कि मां को गए अभी दो ही दिन हुए हैं और घर के सभी लोग समझदार और स्वावलम्बी हो गए। मैं और दीदी भी दो दिन में ही सयाने हो गए हैं। काश, यह सब मां के जाने से पहले हो जाता।

मां को अग्नि के सुपुर्द करते समय मैं अंदर से पूरा टूट गया था। आज मेरा मन तड़प-तड़प कर कह रहा है कि हे ईश्वर, यह मेरे साथ ही क्यों हुआ, मेरी मां को इतनी जल्दी क्यों छीन लिया मुझसे, अब तो यह दुनिया रहने लायक ही नहीं रही। मैं ही मां का दोषी हूं और मुझे जीने का कोई हक नहीं है।

समीर अपनी पिछली यादों की अंतर्वेदना में गुम अपने साथ ही बुदबुदा रहा था कि तभी किसी की आवाज़ सुन कर अवचेतन मन से बाहर आया–" बेटा बहुत देर से यहां अकेले बैठे हो, फूल चुन लिए क्या''।

उसने अपनी आंखें खोली और मां की चिता से भस्म को जैसे ही अपने हाथ में लिया, उसी क्षण उसे एक शीतल सिहरन सी महसूस हुई। उसे लगा जैसे एक ठंडी लहर उसके दुख से जलते मन को शांत कर रही है और वह लहर उसके सिर को छूती हुई निकल गई है।

समीर को एक पल को ऐसा लगा जैसे मां उसके सिर पर अपना आशीर्वाद वाला हाथ रखकर व्योम में विलीन हो गई है। उसे अपने और अपनी सोच में कुछ बदलाव सा लगा। उसकी नकारात्मकता गायब हो गई और कुछ पल पहले वह रो-रो कर जहां खुद को दोषी मान रहा था और अपने जीवन को कोस रहा था, वहीं अब उसकी सोच ही बदल गई है। उसने अब तय कर लिया कि वह जीएगा और सिर्फ जीएगा नहीं बल्कि मां के सपने को पूरा करेगा। वह पढ़-लिख कर एक काबिल डॉक्टर बनेगा और गरीबों की सेवा करेगा।

समीर ने मां की चिता से फूल समेटे। मन ही मन संकल्प लिया और उठ खड़ा हुआ, कपड़े झाड़े और चिता को नमस्कार कर वापस घर की तरफ चल पड़ा । आज वह एक बदला हुआ समीर था, उसे यकीन हो गया था कि मां आज भी मरने के बाद उसे बहुत प्यार करती है और उसकी गलतियों को माफ़ कर चुकी है। उसे महसूस हो रहा था कि मां उसके साथ चल रही है, उसकी उंगली थामे।

पुस्तक समीक्षा

## देशभक्ति और प्रेम संग्रह 'कितना सुंदर है तिरंगा'



समीक्षक

सेंट्रल डेस्क

आज के दौर में जहां साहित्य कई बार जटिलता की ओर बढ़ता दिखता है, वहीं लघुकविता-संग्रह अपनी सरलता और सीधे संदेश के कारण अलग पहचान बनाते हैं। यह कृति देशभक्ति की भावनाओं को सहज शब्दों में पाठकों तक पहुंचाती है। 'कितना सुंदर है तिरंगा' लघुकविताओं का ऐसा संग्रह है, जिसमें राष्ट्रप्रेम, सैनिकों का पराक्रम और देश के प्रति समर्पण प्रमुख विषय के रूप में उभरकर सामने आते हैं। पुस्तक की कविताएं आकार में छोटी हैं, लेकिन उनका प्रभाव गहरा है। लेखक ने कम शब्दों में बड़े भाव व्यक्त करने की कला को बखूबी निभाया है। इस संग्रह में प्रेम, स्मृतियों, प्रकृति प्रेम, श्रृंगार, व्यंग्य एवं प्रेम विषय लघुकथाएं अनायास ही मन को छू लेती हैं। वहीं, वीरों की गाथाएं मन में देशभक्ति का जोश भर देती हैं। संग्रह की "हे सैनिक" कविता सैनिक के जीवन, उसकी देशभक्ति और हर परिस्थिति में कर्तव्य निभाने की भावना को उजागर करती है। वहीं "लहरा रहा है तिरंगा" कविता में भारतीय सेना के साहस और आतंकवाद के खिलाफ उसकी निर्णायक कार्रवाई को दर्शाया गया है। वहीं, भारत की ताकत में सेना के शौर्य को दर्शाया गया कि उसने कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को धूल चटाई। लघु अध्याय दो मां, नाना-नानी, दादा-दादी, भाई बहन और परिवार प्रेम को दर्शाता है। अध्याय तीन प्रेम स्मृति और अध्याय चार प्रेम दर्शन के दर्शन करवाता है। भाषा की दृष्टि से यह संग्रह अत्यंत सरल और सहज है। लेखक ने आम बोलचाल की हिंदी का प्रयोग किया है, जिससे यह पुस्तक हर वर्ग के पाठकों के लिए सुलभ बन जाती है। कविताओं में सीधे-सीधे भाव व्यक्त किए गए हैं, जो बिना किसी जटिलता के पाठक के मन तक पहुंचते हैं। यही इसकी सबसे बड़ी ताकत भी है। हालांकि, साहित्यिक दृष्टि से देखा जाए तो कुछ कविताओं में रूपकों और प्रतीकों का विस्तार कम दिखाई देता है। यदि काव्यात्मक गहराई और बिंबों का प्रयोग थोड़ा और बढ़ाया जाता, तो यह संग्रह और अधिक प्रभावशाली बन सकता था। फिर भी, स्पष्ट और सटीक संदेश देने की दृष्टि से यह शैली उपयुक्त साबित होती है। पुस्तक की प्रस्तावना में लेखक ने लघुकविता विधा के प्रति अपने लगाव और साहित्यिक यात्रा का उल्लेख किया है, जो पाठकों को रचनाओं की पृष्ठभूमि समझने में मदद करता है। कुल मिलाकर 'कितना सुंदर है तिरंगा' एक ऐसी कृति है, जो देशभक्ति के भाव को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। यह संग्रह उन पाठकों के लिए खास है, जो कम शब्दों में गहरी भावनाएं पढ़ना पसंद करते हैं और राष्ट्रप्रेम से जुड़ी रचनाओं में रुचि रखते हैं।



डॉ. तेजिंद्र

कवि

कवि कॉर्नर

कविता | डॉ. तबस्सुम जहां



## आंखें

आंखों से अब क्या,
अपनी कहानी कहें।
बात जो भी कहें,
हम वो ज़ुबानी कहें।
हजारो ख़्वाब देखे थे,
हमने बनके मरासिम।
क्यों उनको इन आँखों की,
नादानी कहें...।
जो बीत चुकी वो उम्र थी,
जो ढल चुकी
क्यों न उसे जवानी कहें।
जो छोड़ चुके थे कब से
आँखों की हया औ शर्म
वो चाहते हैं कि
हम उन्हें ख़ानदानी कहें।
देख कर आँख चुराते हो
करते हो नजरअंदाज,
क्या हम इसको
हुज़ूर की बेईमानी कहें।
आओ बैठो दोस्तों
कभी चाय पर मिलो,
तुम नई सुनाओ और
हम कुछ पुरानी कहें।
आँखों से अब क्या
अपनी कहानी कहें
बात जो भी कहें
हम वो ज़ुबानी कहें।..

कविता | सतीश कुमार



## संघर्ष बहुत है जीवन में

संघर्ष बहुत है इस जीवन में,
जो हमने करना सीख लिया है।
आंधी में भी दीपक बनकर,
हमने जलना सीख लिया है।

हो लाख मुसीबत राहों में ,
या दुःख की काली रात मिले।
हंसकर हर मुश्किल में आगे,
हमने बढ़ना सीख लिया है।

अपने ही जब छोड़ चले तो,
दिल को थोड़ा दर्द हुआ।
टूटे अरमानों संग खुद को,
हमने गढ़ना सीख लिया है।

झूठ अक्सर रहा जीतता,
यहां सच को ठोकर मिलती है।
सच्चाई के पथ पर फिर भी,
हमने चढ़ना सीख लिया है।

मेरी मंजिल खुद आ जाएगी,
हिम्मत अगर सलामत है।
गिर के उठ जाने का हुनर,
हमने रखना सीख लिया है।



# पसीना बोतलों में भरकर रखिए...

व्यंग्य | आसिम अनमोल

*एक रोज़ पत्नी अपने पति से बोली कि एक ठंडा-ठंडा, कूल-कूल पाउडर का डिब्बा लाकर दीजिए। पति बोला- पिछले सप्ताह तो लाकर दिया था। पाउडर लगाती हो या पड़ोसी को दान कर देती हो। पत्नी तिलमिलाती हुई बोली-मुझ पर क्यों भड़क रहे हो। पाउडर त्वचा पर लगाती हूं टिकता ही नहीं। भड़कना ही है तो बिजली वालों और उस विधाता पर भड़कों जो आसमान से गर्मी की मिसाइलें चलाकर संसार के प्रत्येक दिमाग़ को गर्मागर्म कर रहा है।*

हर वर्ष की तरह घटना बनकर गर्मी फिर आ गई। गर्मी, बारिश लू के थपेड़े मानवीयता को चारों दिशाओं में बड़े साहस के साथ घेरे खड़े हैं । जितना गर्मी से लोग परेशान नहीं हो रहे हैं। उतना मौसम विभाग की चेतावनी से भयभीत हो रहे हैं। जिनको गर्मी नहीं लग रही होती है, उनको भी लगनी शुरू हो रही है। गर्मी का प्रकोप मानसिक पटल पर खूब उत्पात मचा रहा है । गर्मी और लाइट न जाने किस जन्म का बदला ले रहे हैं। इधर गर्मी अपनी आसमानी सत्ता का पावर दिखा रही है। उधर, विद्युत निगम के आकाओं से भीख रूपी अर्जित की जाने वाली लाइट से यदा-कदा पंखे व कूलर चलवा रही है।

कुछ समय बाद गर्मी यह कहकर चली जा रही है कि तुम आम या खास को ज्यादा गर्माहट मत देना। बस अपने हद में रहकर हल्के-फुल्के पसीने छुड़वाते रहना ताकि तुम्हारा संसार में तापमानीय भ्रम बना रहे, वरना तुम्हारी प्रतिष्ठा पर बन आएगी। मौसम विभाग, बिजली और गर्मी तीनों की तिकड़ी गर्मी का शुभारम्भ करते हुए इंसानी शरीर को पसीना-पसीना करके चिपचिपा बनाने पर तुली हुई है। मौसम विभाग शरीर के चिपचिपेपन में वृद्धि करते हुए गर्मी के बढ़ने की ओर पुरज़ोर तरीके से इशारा कर रहा है। छोटे शहरों में लाइट यह कहकर आ-जा रही है कि अपना-अपना पसीना बोतलों में भरकर रखिए। मैं रोस्टिंग निपटा के आती हूं। यह तीनों ही अनुमानित ढंग से ऐसे अपना अपना काम कर रहे हैं, जैसे सरकार अपने मुताबिक काम करती है। अब भला गर्मी को सोचना चाहिए कि इंसान का डीएनए पहले से ही जीवन की समस्याओं और उलझनों में उलझा हुआ है। ऊपर से तुम हर साल सताने आ जाती हो। डिग्री सेल्सियस रुतबा अलग दिखाती रहती है। घटने का काम ही नहीं लेती है।

उसको लगता है कि घटने पर मेरा अपमान हो जाएगा, इसलिए वीर तुम बढ़े चलो की तर्ज पर गर्मी बढ़ती ही रहती है। इसी कारण सरकारी ऑफिस दोपहर में सोने और लेटने के विश्रामगृह बनते जा रहे हैं। घर-घर नींद पसर रही है। गर्मी की पहुंच भी सीधे गगन तक है, इसलिए इंसान का मानसिक पारा इतना गर्म कर रही है कि घरेलू माहौल में भी रोज़-रोज की कलह पैदा कर देती है। यानी गर्मी लड़ाई-झगड़ा करवाने की भी प्रतीक है। अब अगर इंसान अपनी गर्मी की हैसियत दिखाने की ओर अग्रसर होगा तो गर्मी पूरे व्यक्तितत्व को जलाने का ही काम करेगी। गर्मी का मिज़ाज़ समझने की ज़रूरत होनी चाहिए। उसके मिज़ाज़ के लिहाज़ से अपना मानसिक संतुलन बनाकर रखना चाहिए। अब प्राकर्तिक गर्मी यह तो नहीं कहती कि आप अपने सिर के बाल नोचते घूमें। बीवी पर गर्मी का गुस्सा उतारें। पड़ोसियों के बच्चों की आपस में कोई नोक-झोंक हो जाए तो खुद परिपक्व बनकर लड़ाई झगड़ों के प्रतीक होते घूमें। बाप की अच्छी सलाह पर जिस्म से बहते पसीने से आजिज़ आकर उनके साथ खराब सलूख की अंताक्षरी खेलें। दुनियां को अपनी गर्मी से इतना गर्म न करें कि दुनियां आपकी आलोचनाओं भरी बातों को जगह-जगह चाय-पानी की तरह परोसती घूमें। ऐसे ही एक रोज़ पत्नी अपने पति से बोली कि एक ठंडा-ठंडा, कूल-कूल पाउडर का डिब्बा लाकर दीजिए। पति बोला- पिछले सप्ताह तो लाकर दिया था। पाउडर लगाती हो या पड़ोसी को दान कर देती हो। पत्नी तिलमिलाती हुई बोली- मुझ पर क्यों भड़क रहे हो। पाउडर त्वचा पर लगाती हूं टिकता ही नहीं। भड़कना ही है तो बिजली वालों और उस विधाता पर भड़कों जो आसमान से गर्मी की मिसाइलें चलाकर संसार के प्रत्येक दिमाग़ को गर्मागर्म कर रहा है।

कुछ हटकर

## जीवनरक्षक प्रोफेशनल करियर बी.एससी. मेडिकल टेक्नोलॉजी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर


आज के बदलते लाइफस्टाइल, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, अनियमित खान-पान और तनाव के कारण किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हर वर्ष देश में लाखों नए मरीज डायलिसिस पर निर्भर हो रहे हैं। सरकारी और निजी स्तर पर डायलिसिस सेंटर्स की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में डायलिसिस प्रक्रिया को सुरक्षित, प्रभावी और मानवीय तरीके से संचालित करने वाले प्रशिक्षित डायलिसिस टेक्नोलॉजिस्ट्स की मांग अभूतपूर्व रूप से बढ़ रही है। बी.एससी. मेडिकल टेक्नोलॉजी एक ऐसा हेल्थकेयर कोर्स है, जो जीवन बचाने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनने का अवसर भी प्रदान करता है।

### डायलिसिस टेक्नोलॉजिस्ट

डायलिसिस टेक्नोलॉजिस्ट एक प्रशिक्षित एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल होता है, जो किडनी फेल्योर से पीड़ित मरीजों के लिए डायलिसिस मशीन से रक्त शुद्धिकरण प्रक्रिया को संचालित करता है।

### जिम्मेदारियां

- हेमोडायलिसिस एवं पेरिटोनियल डायलिसिस प्रक्रिया का संचालन
- डायलिसिस मशीन और वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम का प्रबंधन
- मरीज की प्री-डायलिसिस और पोस्ट-डायलिसिस मॉनिटरिंग
- वास्कुलर एक्सेस की देखभाल संक्रमण नियंत्रण का पालन
- आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया
- मरीज और परिजनों को डायलिसिस से संबंधित परामर्श
- डायलिसिस रिकॉर्ड और डॉक्यूमेंटेशन का रख-रखाव



### आवश्यक कौशल

इस कोर्स में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का 12वीं कक्षा (**Physics**, **Chemistry**, **Biology**) न्यूनतम 50–55% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सरकारी संस्थानों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है।निजी संस्थानों में प्रवेश लेते समय **NCAHP** मान्यता, अस्पताल से संबद्धता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

### सरकारी क्षेत्र में विकल्प

- सरकारी अस्पताल
- मेडिकल कॉलेज*
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
- राज्य एवं केंद्र सरकार की डायलिसिस योजनाएं

### निजी क्षेत्र में विकल्प

- कॉर्पोरेट डायलिसिस चेन
- मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स
- मेडिकल डिवाइस एवं हेल्थकेयर कंपनियाँ

अनुभव के साथ इस क्षेत्र में स्थिर नौकरी, आकर्षक वेतन और सामाजिक सम्मान प्राप्त होता है।

### विदेश में करियर की संभावनाएं

डायलिसिस टेक्नोलॉजी एक ग्लोबली डिमांडेड स्किल है। भारत में अनुभव प्राप्त करने के बाद छात्र निम्न देशों में अवसर तलाश सकते हैं: **खाड़ी देश** : यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा (ब्रिज कोर्स / लाइसेंसिंग के बाद) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डायलिसिस टेक्नोलॉजिस्ट्स की भारी मांग है, विशेषकर अनुभवी प्रोफेशनल्स के लिए।

बी.एससी. मेडिकल टेक्नोलॉजी (डायलिसिस थैरेपी टेक्नोलॉजी) एक ऐसा करियर है जो सेवा, तकनीकी दक्षता और मानवता: तीनों को एक साथ जोड़ता है।

मोटिवेशनल

## टाइम मैनेजमेंट में मास्टर बनें



डॉ. दिव्या तंवर

मोटिवेशनल स्पीकर

कल्पना करो कि फोन उठाया "बस पांच मिनट" नोटिफिकेशन चेक करने के लिए, और अचानक दो घंटे निकल गए। परिचित लग रहा है ना? तुम अकेले नहीं हो। आजकल छात्र औसतन 4.8 घंटे रोज सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बिताते हैं यानी हफ्ते में 35 घंटे से ज्यादा! इतना समय किसी नई स्किल सीखने, एग्जाम में टॉप करने या अपना सपना पूरा करने के लिए काफी है। सबसे अच्छी बात यह है कि सोशल मीडिया समय का चोर नहीं, बल्कि तुम्हारा सबसे स्मार्ट टीचर बन सकता है, बस तुम्हें इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना है। यह फोन छोड़ने की बात नहीं है, बल्कि इसे सुपरपावर बनाने की बात है। तैयार हो? चलो शुरू करते हैं।

1. अपना समय ऑडिट करो (आँखें खोलने वाला कदम)

फोन में स्क्रीन टाइम चेक करो। ईमानदारी से देखो। ज्यादातर छात्र हैरान रह जाते हैं। चुनौती: रोज सिर्फ 30 मिनट माइंडलेस स्क्रोलिंग कम करो। हफ्ते में 3.5 घंटे एक्स्ट्रा मिल जाएंगे सीखने के लिए!

**2. अपना फीड प्रोफेशनल तरीके से क्यूरेट करो**

उन अकाउंट्स को अनफॉलो करो जो एनर्जी खाते हैं या तुलना का भाव जगाते हैं। फॉलो करो:

**3. "लर्निंग स्क्रोल" का समय तय करो**

टाइम-ब्लॉकिंग यूज करो:

- 25 मिनट पढ़ाई (पोमोडोरो) → 5 मिनट लर्निंग अकाउंट पर स्क्रोल
- या रोज शाम 30 मिनट "माइक्रो-लर्निंग" के लिए रखो — एक नया कॉन्सेप्ट, एक स्किल वीडियो।

**4. देखना नहीं, करना सीखो**

सिर्फ वीडियो मत देखो, एक्शन लो। पब्लिक स्पीकिंग का वीडियो देखा? खुद रिकॉर्ड करके प्रैक्टिस करो। कोडिंग ट्यूटोरियल देखा? छोटा प्रोजेक्ट बनाओ। नोट्स लिखो और किसी दोस्त को सिखाओ। इससे सीखना मजबूत होती है।

**5. साफ लक्ष्य रखो और प्रोग्रेस ट्रैक करो**

हर रविवार तय करो: "इस हफ्ते डिजिटल मीडिया पर मैं सीखूंगाङ्ग" (जैसे कंपाउंड इंटरेस्ट या बेसिक पाइथन)। हफ्ते के अंत में जो सीखा, उसे सेलिब्रेट करो। प्रोग्रेस देखना बहुत मोटिवेट करता है।

**6. बैलेंस सबसे जरूरी है**

डिजिटल डिटॉक्स का समय रखो -सोने से एक घंटा पहले या खाने के समय। बाहर घूमो, दोस्तों से मिलो, एक्सरसाइज करो। सबसे सफल छात्र जानते हैं कि कब लॉग ऑफ करना है।

लघु कथा

## अपनापन



डॉ. अंजना गर्ग

कहानीकार

वृद्धाश्रम बहुत शानदार था। एसी कमरे, टीवी, डॉक्टर, नर्स, गार्डन... सब कुछ।

बस एक चीज़ नहीं थी—"अपनापन।"

रात के खाने के बाद बुजुर्ग अपने बच्चों की बातें कर रहे थे।

"मेरा बेटा लंदन में है..."

"मेरी बेटी ऑस्ट्रेलिया में डॉक्टर है..."

हर परिचय उपलब्धियों से शुरू होता और आँखों की नमी पर खत्म।

एक बुजुर्ग रमेश रोज शाम को वहाँ आते थे। किसी कमरे में नहीं जाते थे, बस गेट के पास बैठे बुजुर्ग मुकेश के साथ घंटों बातें करते।

घुमंतू ने रमेश जी से पूछा—"आप यहाँ तो नहीं रहते न ......"

वो मुस्कराए—"नहीं, मेरा घर पास में ही है।"

"फिर भी रोज इस वृद्धाश्रम में आते हैं?"

उन्होंने गेट की ओर टकटकी लगाए बैठे अपने दोस्त मुकेश को देखा और धीमे से बोले—

"इसका बेटा अमेरिका में है। पहले हर हफ्ते फोन करता था... फिर हर महीने.. अब कभी-कभी।

लेकिन ये आज भी हर शाम गेट की तरफ देखता है। इसे लगता है शायद आज बेटा अचानक सामने आ जाए। बस... इसलिए मैं रोज आ जाता हूँ। कम से कम मेरा दोस्त इंतज़ार अकेले तो न करे।"

घुमंतू ने वृद्धाश्रम की चमकती दीवारों को देखा और सोचा

- सुविधाएँ इंसान को आराम दे सकती हैं, लेकिन किसी अपने की कमी...पूरी नहीं कर सकती।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**आदमपुर।** पुलिस ने ढाणी मोहब्बपुर से एक व्यक्ति को 32 पव्वे शराब व 3 बोतल नाजायज शराब मार्का माल्टा मस्ती सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया ने बताया कि पकड़े गये आरोपी की पहचान ढाणी मोहब्बतपुर निवासी संदीप के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्य सिपाही दीपेन्द्र कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ ढाणी मोहब्बतपुर में मौजूद थे कि उन्होंने संदीप को पकड़कर उससे शराब बरामद की।

### निजी बस ऑपरेटरों को भी प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर मिले सरकारी सहयोग

**हिसार।** सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि जिस प्रकार निजी स्कूल संचालकों को चिराग योजना एवं 134-ए योजना के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को शिक्षा देने के बदले आर्थिक सहायता दी जाती है, उसी प्रकार निजी बस ऑपरेटरों को भी सरकार की विभिन्न निशुल्क एवं रियायती यात्रा योजनाओं का भार उठाने के बदले आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए।

### 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी गारण हंसनगर का कक्षा बारहवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 29 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें से 20 छात्र-छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की और अन्य सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। छात्रा इंदु ने 94 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान और छात्र अंकुश ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा छात्रा काजल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय, परिजनों व गांव का नाम रोशन किया। इसके अलावा इस विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने भूगोल विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके स्कूल का गौरव बढ़ाया।

## पूर्व विधायक ने अनेक गांवों में किया विकास कार्यों का उद्घाटन

# नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं पूरी करना प्राथमिकता : भव्य बिश्नोई

अनेक गांवों में दु:ख-सुख में शामिल हुए युवा भाजपा नेता भव्य बिश्नोई

- बोले, हर गांव में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे, गांव काबरेल में नई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



हिसार। विकास योजनाओं का उद्घाटन करते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई।

युवा भाजप नेता एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि क्षेत्र के विकास और यहां के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर गांव में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। भव्य बिश्नोई रविवार को आदमपुर हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर विकास कार्यों का उद्घाटन, निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण एवं ग्रामीणों से संवाद करके उनकी समस्याएं सुन रहे थे। अपने दौरे के दौरान भव्य बिश्नोई ने गांव बालसमंद और सलेमगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। गांव काबरेल में नई लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा और ज्ञान ही समाज की प्रगति का आधार हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी बनने से विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को काफी लाभ मिलेगा।

इसके अलावा गांव सीसवाल और सदलपुर में खाल निर्माण कार्यों का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। गांव लाडवी में खेल नर्सरी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया और कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती रही है और गांवों से निकलने वाले खिलाड़ी देश-दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। गांव काजला में गली निर्माण कार्य का उद्घाटन करते हुए उन्होंने ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

दौरे के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली, सड़कों, सिंचाई और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। भव्य बिश्नोई ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आदमपुर हलके के विकास को नई गति देने के लिए लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। गांवों में सड़कें, नालियां, खेल सुविधाएं, शिक्षा और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास कार्यों की यह गति लगातार जारी रहेगी और प्रत्येक गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

### स्नेह और विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत

भव्य बिश्नोई ने अपने दौरे के दौरान गांव बालसमंद, सदलपुर, कालीरावण और चंदन नगर में आयोजित जलपान कार्यक्रमों में भी शिरकत की तथा ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते हुए कहा कि जनता के साथ उनका रिश्ता केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार जैसा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# मजदूर बोर्ड का पोर्टल सरकार जल्द खोले, वरना आंदोलन होगा उग्र

- फूल कुमार मिलकपुर बने भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक नारनौंद के ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



इंटक से संबंधित भवन निर्माण मजदूर संघ तहसील कमेटी नारनौंद की बैठक नव भारत स्कूल, खांडा मोड़ में हुई। बैठक की अध्यक्षता जोरा सिंह पाबड़ा ने की जबकि संचालन अग्रोहा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मवीर सिंह कुलेरी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला उपप्रधान चतर सिंह खेड़ी चौपटा को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार नैन सहित विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा नारनौंद ब्लॉक कमेटी का गठन रहा, जिसमें सर्वसम्मति से फूल कुमार मिलकपुर को भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक नारनौंद का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में मजदूरों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान मजदूरों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि जल्द मजदूर बोर्ड का पोर्टल शुरू नहीं किया गया और काटी गई कॉपियों को बहाल नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

# गांव खरक पूनिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला



क्षेत्र के गांव खरक पूनिया में निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सुखदा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से आयोजित इस कैंप में लोगों के लिए बीपी, ब्लड शुगर और ईसीजी जैसी जरूरी जांचें निशुल्क की गईं। डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया तथा जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। डॉक्टरों की टीम ने एक-एक मरीज की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। विशेष रूप से रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग से जुड़ी समस्याओं की जांच को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव स्तर पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लगने से उन्हें शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती और समय के साथ खर्च की भी बचत होती है। कैंप में मौजूद चिकित्सा विशेषज्ञों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने और गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता परिषद टैक्स बार हिसार इकाई का पुनर्गठन, नरेंद्र सैनी अध्यक्ष बने

**हिसार।** अधिवक्ता परिषद टैक्स बार हिसार इकाई का पुनर्गठन करने के लिए शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा अधिवक्ता परिषद के प्रदेश सह-सचिव राजेश जैन, हिसार इकाई के जिला महामंत्री संदीप चोपड़ा और कोषाध्यक्ष विजय टक्कर विशेष रूप से मौजूद थे। उनकी मौजूदगी में अधिवक्ता परिषद टैक्स बार हिसार इकाई का पुनर्गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में नरेंद्र कुमार सैनी को अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। अन्य पदाधिकारियों में मनीष कुमार को जिला महामंत्री, पवन कुमार तनेजा को कोषाध्यक्ष, भारत भूषण कथूरिया को उप प्रधान और जितेंद्र कुमार शर्मा को सह सचिव बनाया गया है। कार्यकारी सदस्यों में अजय कुमार गर्ग, श्रीभगवान (दिनेश), राकेश को शामिल किया गया है। इस अवसर पर राजेश जैन, संदीप चोपड़ा, विजय टक्कर, अजय कुमार भारद्वाज ने नवचयनित सदस्यों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया तथा संगठन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की।



### किनाला योग एवं व्यायामशाला में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**उकलाना।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में गांव किनाला स्थित योग एवं व्यायामशाला में आयोजित एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. बलराज तथा योग विशेषज्ञ डॉ. पूजा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत किनाला के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा योग के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में किया जागरूक

**हांसी।** विश्व डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव, एचपीवी वैक्सीन तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य जीत राम, दीपक एवं अनिल एमपीएचडब्ल्यू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि डेंगू एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। उन्होंने कहा कि घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, टायर, गमलों तथा अन्य पात्रों की नियमित सफाई करें और पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। विद्यार्थियों को मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह वैक्सीन महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने में सहायक है।

### शनिदेव मंदिर, बड़वाली ढाणी में केक काटकर मनाई शनि जयंती



**हिसार।** श्री शनिदेव सेवा समिति के तत्वाधान में पुरानी सब्जी मंडी चौक के निकट स्थित ढाणी बड़वाली के शनिदेव मंदिर में शनि जयंती व शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ व भंडारा करके केक काटा गया। समिति के महासचिव रामबीर सैनी ने बताया कि प्रातः हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद भार्गव व मनोज शास्त्री द्वारा हवन करवाया गया। समिति के प्रधान कृष्ण सैनी, भिवानी वाले ने बताया कि सायंकाल आरती के बाद शुद्ध मावे का 11 किलो का केक काटा गया। केक के अलावा खीर व छोले का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति से जुड़े सेवादार कृष्ण सैनी, भिवानी वाले, महावीर सैनी, सतवीर वर्मा, सुभाष सैनी, रामबीर सैनी, विजेंद्र बेरीवाल, राजकुमार वर्मा, कृष्ण सैनी खंडेलवाल, पवन गर्ग, कैलाश गर्ग, राजकुमार गहलोत, रमेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुमित वर्मा सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।



### सिद्धि विनायक मंदिर में धूमधाम से मनाई गई शनिश्चरी अमावस्या

**हिसार।** प्रभु प्रेमी संघ की हिसार शाखा की ओर से शनि जयंती व शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में पुष्पा कॉम्पलैक्स स्थित सिद्धि विनायक मंदिर एवं सिद्ध श्री शनिदेव मंदिर में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर को फूलों व रंग-बिरंगी लाईटों से सजाया गया। विगत कई वर्षों से हर शनिश्चरी अमावस्या पर किए जाने वाले कीर्तन व भंडारे की कड़ी में शनिवार को प्रभु प्रेमी संघ के सदस्यों ने विशेष पूजन कर शनिदेव का पंचामृत स्नान व तेलाभिषेक आदि कर पूजा-अर्चना की शुरूआत की। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरु हो गया। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा, जो देर रात तक जारी रहा। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे असंख्य लोगों ने श्रद्धाभाव से शनिदेव की पूजा की व प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पहुंचे नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, नगर पार्षद संजय डालमिया व जगमोहन मित्तल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संघ के प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि संघ के सदस्यों द्वारा की गई मंगल आरती व गणेश वंदना के साथ भजन-कीर्तन की शुरुआत की गई। भजन गायक वेद मित्तल, एसके डोगरा, डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ. दीनदयाल, मोना श्याम दिवानी व प्रिंस हैरी, निशा शर्मा एवं सखियां, सुमित मित्तल, संजय सिंगला श्रीमती राणा आदि ने शनिदेव की महिमा का गुणगान किया जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। सुबह से रात तक शनिदेव के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर सुशील अग्रवाल, विपिन गोयल, प्रो. पीपी तनेजा, भूपेन्द्र चावला, ईश गिरधर, राजेन्द्र बंसल, दक्ष लाम्बा, सुरजीत शर्मा, रामचंद्र, कुलदीप, पारस, अमन गोयल मुकेश जैन, रमेश चुघ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जल्द करा लें किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन, अन्यथा होगी कार्रवाई : सिद्धांत जैन

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से कहा है कि असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए घरों में बाहर से आए हुए किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है, फिर उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता है और ना ही पुलिस के पास।

### रास्ते में मिली सोने की चेन लौटा कर दी ईमानदारी की मिसाल

**हांसी।** पुलिस ने एक बार फिर अपनी संवेदनशील कार्यशैली और आमजन के प्रति जिम्मेदारी का परिचय देते हुए गुम हुई सोने की चेन उसके मालिक को लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। इस सराहनीय कार्य में एक जागरूक नागरिक की ईमानदारी भी सामने आई, जिसकी पुलिस अधिकारियों ने खुलकर प्रशंसा की। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार को सूचना मिली कि गांव सीसर व हाल न्यू सुभाष नगर निवासी शिवम की सोने की चेन हुड्डा सेक्टर-6 क्षेत्र में कहीं गुम हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू की। इसी दौरान गांव चैनत निवासी हरपाल सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पुलिस को बताया कि उसे एक सोने की चेन मिली है। पुलिस ने जांच के बाद पुष्टि की कि वह चेन शिवम की ही है। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में हरपाल सिंह ने रास्ते पर मिली सोने की चेन शिवम को लौटा दी।



हांसी। शिवम् को रास्ते में मिली सोने की चेन लौटाते हरपाल सिंह।



हिसार। मांगों को लेकर धरना देते रोडवेज कर्मचारी।

### रात्रि भत्ते के भुगतान के आश्वासन पर रोडवेज कर्मचारियों ने टाला आंदोलन

**हिसार।** रोडवेज की हिसार डिपो साझा संघर्ष समिति की रविवार को डिपो महाप्रबंधक के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों, विशेषकर रात्रि भत्ते के भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने मुख्यालय के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर कर्मचारियों का रात्रि भत्ता जल्द जारी करवाने का आश्वासन दिया और इसके लिए एक सप्ताह का समय मांगा। समिति ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक को एक सप्ताह का समय देने का फैसला लिया है। हालांकि समिति ने साफ कर दिया कि इस दौरान कर्मचारियों का शांतिपूर्ण धरना लगातार जारी रहेगा। समिति द्वारा पूर्व घोषित 18 मई को महाप्रबंधक घेराव तथा 22 मई से रात्रि ठहराव बंद करने के कार्यक्रम को फिलहाल 24 मई तक स्थगित कर दिया गया है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा के भीतर कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 24 मई को बैठक कर 25 मई से बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। आंदोलन की रूपरेखा पूर्ण रूप से चक्का जाम की होगी, जिसकी जिम्मेदारी महाप्रबंधक हिसार, हिसार प्रशासन और हरियाणा सरकार की होगी।

### आनंद और जागरूकता का महत्व समझाया

**हिसार।** साधकों के मार्गदर्शन के लिए आयोजित ध्यान साधना सत्र में आनंद और जागरूकता का महत्व समझाया गया। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों को ध्यान विधियों से रूबरू करवाते हुए ध्यान का अभ्यास भी करवाया। इस अवसर पर 24 मई को ओशो ध्यान उपवन में आयोजित होने वाले मेडिटेशन कैंप की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई।

### समर्थगुरु धारा संघ के तत्वावधान में हिसार में विद्युत ध्यान से साधक हुए ऊर्जावान



**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ में संडे ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य कृष्ण उत्सव ने साधकों को विद्युत ध्यान करवाया। सत्र की शुरुआत उत्सव, गुरु वंदना और ध्यान की महत्ता पर संक्षिप्त प्रवचन से हुई। आचार्य ने बताया कि विद्युत ध्यान एक विशेष ध्यान पद्धति है, जिसमें साधक अपने शरीर और मन में विद्युत (ऊर्जा) के प्रवाह को महसूस करता और संतुलित करता है। इसका उद्देश्य है तनाव कम करना, मानसिक स्थिरता पाना और शरीर की प्राकृतिक ऊर्जा को सक्रिय करना।

### कार की टक्कर से मां-बेटा हुए घायल, केस दर्ज

**हांसी।** हिसार रोड पर शनिवार रात को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे एक परिवार के सदस्यों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सड़क पार कर रहा 9 वर्षीय बच्चा और उसकी मां घायल हो गई। मां बेटे को टक्कर मारने के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। ईआरवी इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि खरड़ गांव निवासी संदीप अपनी पत्नी, बच्चों और पड़ोस की एक महिला व बच्चों के साथ सुखराज होटल के पास स्थित मार्केट में खरीदारी करने आए थे। खरीदारी के बाद जब वे पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी हांसी की तरफ से आ रही एक काले रंग की तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में संदीप की पत्नी सरिता और उनके 9 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ को गंभीर चोटें आई हैं।

**विकास** भवन में डिस्पेंसरी, ओपीडी रूम, डॉक्टर कक्ष, लैब की सुविधाएं

# देपल गांव में नवनिर्मित पशु अस्पताल भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने और ग्रामीण विकास को लेकर निरंतर कर रही कार्य: भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। देपल गांव में नवनिर्मित पशु अस्पताल का लोकार्पण करते विधायक विनोद भयाना।

विधायक विनोद भयाना ने रविवार को गांव देपल में नवनिर्मित राजकीय पशु अस्पताल भवन का लोकार्पण तथा मामन पूरा गांव में मुख्यमंत्री खेत खलियान योजना के अंतर्गत 18 लाख रुपये लागत की विकास परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विधायक विनोद भयाना ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है और किसानों व पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव देपल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पशु अस्पताल बनने से आसपास के गांवों के पशुपालकों को काफी लाभ मिलेगा तथा पशुओं के उपचार के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।

विधायक ने कहा कि इस भवन का निर्माण नाबार्ड योजना के अंतर्गत करवाया गया है। इस विकास परियोजना पर लगभग 27 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई है। भवन में डिस्पेंसरी, ओपीडी रूम, डॉक्टर कक्ष, लैब, प्रतीक्षालय तथा शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिससे पशु चिकित्सा सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी।

### मामनपुरा गांव में 18 लाख रुपये लागत की विकास परियोजना पर काम शुरू

विधायक विनोद भयाना ने मामन पूरा गांव में मुख्यमंत्री खेत खलियान योजना के अंतर्गत खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने के कार्य का शुभारंभ किया। इस विकास परियोजना पर अलग भाग 18 लाख रुपए की राशि खर्च आएगी। विधायक ने कहा कि इस रास्ते के पक्का बनने से खेतों में आवाजाही सुगम होगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर राजपाल यादव, दिनेश भूटानी, कृष्ण तनेजा, गोलू चावला, सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, डॉ. राजेश साहू, पवन कुमार, विजय मालिक, अशोक कुमार, तेजपाल रामायण, दलेल फौजी, सूबे सिंह, डॉ. जयदेव तथा संजय कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाग्यश्री आश्रम ने 85 वर्षीय महिला को मिलवाया परिवार से



हिसार। बुजुर्ग महिला को परिवार से मिलाते आश्रम पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आज़ाद नगर स्थित सामाजिक संस्था भाग्यश्री सेवा संस्थान ट्रस्ट लगभग पांच वर्षों से इस उद्देश्य से कार्य कर रहा है कि कोई मानसिक विक्षिप्त मां, बहन फुटपाथ पर रहकर पशुओं जैसा जीवन ना जीएं, उनको सुरक्षित घर मिल सके, समय पर रोटी, कपड़ा और दवाइयां मिल सके। संस्था पांच वर्षों से समाज से वंचित महिलाओं को समाज से जोड़ने के लिए सामाजिक क्षेत्र में निरंतर तन मन धन से प्रयासरत है। एक मजबूत टीम के साथ आज़ाद नगर स्थित भाग्यश्री महिला आश्रम 75 मानसिक पीड़ति माताओं बहनों की शरण स्थली बना हुआ है। आश्रम का उद्देश्य ना केवल उनको रोटी, कपड़ा, दवाइयां आदि देना बल्कि उनके घर की तलाश कर सकुशल उनको परिवार के सुपुर्द करना भी है। परिवार से पुनर्मिलन की कड़ी को मज़बूत करते हुए आज फिर भाग्यश्री सेवा संस्था ने 183 वीं महिला को परिवार के सुपुर्द किया है। दरअसल सदर थाना पुलिस द्वारा एक 85 वर्षीय मानसिक पीड़ति बुज़ुर्ग को भाग्यश्री महिला आश्रम में छोड़ा गया था। भाग्यश्री आश्रम टीम और फतेहाबाद पुलिस स्टाफ के संयुक्त प्रयासों से महिला के परिजनों से सम्पर्क हुआ। अपनी मां की सूचना मिलते ही बेटा हिसार के चंदन नगर विकास नगर निवासी शमशेर अपनी मां को लेने आश्रम पहुंचा। बेटे ने बताया कि उसकी मां 6 दिन से घर से लापता थी जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट हमने आजाद नगर थाने में दी थी।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से आम जनता पर बढ़ा बोझ : संतोष जून

**हिसार।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं हरियाणा महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर्ल चौधरी के निर्देशानुसार ज़िला महिला कांग्रेस ग्रामीण की ओर से पेट्रोल पंप पर पहुंचकर बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष जून ने आमजन से संवाद करते हुए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि चुनाव खत्म होते ही जनता को राहत देने के बजाय महंगाई का एक और बोझ थोप दिया गया। संतोष जून ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। आज पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, रसोई का बजट बिगड़ चुका है, बेरोजगारी चरम पर है और आम आदमी महंगाई की मार से त्रस्त है।

## कालीरावण में किसान मजदूर पंचायत

# बाढ़ और ड्रेन से होने वाले नुकसान की रोकथाम के लिए हों स्थायी प्रबंध

- पिछले साल फसल और मकानों के नुकसान का मुआवजा देने की अपील
- घग्गर ड्रेन पर साइफन गेट और लिफ्टिंग पंप लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

क्षेत्र के गांव कालीरावण में बाढ़ व ड्रेन की बाढ़ से रोकथाम के स्थायी समाधान की मांग पर किसान मजदूर पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता संयुक्त रूप से कपूर सिंह बगला, पूर्व जिला पार्षद धर्मबीर सिवाच, सुरेश धानक व कृष्ण सांवत ने की जबकि संचालन सतबीर सिह धायल, रूघुबीर सिंह मंडेरना व राजेन्द्र सहारण ने किया। तहसील सचिव सतबीर सिंह धायल ने बताया कि किसान पंचायत के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मा. बलबीर सिंह व राजस्थान के किसान नेता व पूर्व विधायक बलवान सिंह पूनिया, जिला सचिव सरबत पूनिया, कोषाध्यक्ष दिनेश सिवाच, खेत मजदूर नेता रोहताश राजली, मोहन लाल, मिया सिंह बिठमड़ा, राज्य कमेटी सदस्य कमला देवी, अभय राम फौजी, मा. फूल सिंह पाबड़ा, मा. कर्मबीर सिंह, पूर्व प्रधान हनुमान जौहर, जिला पार्षद संदीप धीरणवास व पूर्व जिला पार्षद रामप्रसाद गढ़वाल रहे। उन्होंने किसान मजदूर पंचायत मे आए हुए सभी नेताओं व किसान मजदूरों का स्वागत किया। सभी वक्ताओं ने सगठन को मजबूत करने का आह्वान किया और शासन व प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि पिछले वर्ष खरीफ फसल, ढाणियां गांव की बस्ती के मकान जो कि बाढ़, सेम व जल भराव के कारण बुरी तरह तबाह हुए थे, उनका उचित मुआवजा जारी करें। आगे से बाढ़, सेम व जल भराव से फसलें व मकान तबाह न हों।

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर रमेश मीरकां, प्रदीप बूरा, सत्यवान रेढ़ू, दलीप पूनिया, पूर्व प्रधान भूप सिंह बिजारणिया, सतपाल गोदारा, जगदीश पूनिया, कृष्ण काजला, संदीप बैनीवाल, बृजलाल किडोलिया, मंगल सिंह नैन, राम सिंह पूनिया, केडी अग्रोहा, छोटू राम फगेडिया, जयनारायण गोदारा, सुरेश काकड़, रामस्वरूप खिचड़, सुरेन्द्र मान, रूघुबीर झांझड़िया, विजयपाल गिला, राम सिंह खलेरी, धर्म सिंह बैनीवाल, राजेन्द्र, जयदेव बैनीवाल, शीशराम कुलरिया, सतपाल शर्मा, वजीर पूनिया, शीशपाल बालक, राजेन्द्र मील, सतपाल श्योराण, केसरा राम सैनी, रतन मात्रश्याम, बिन्डर सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## सीआईएससीई जोनल योग प्रतियोगिता में विज्डम स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




हिसार। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विज्डम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने जगाधरी स्थित सेंट थॉमस स्कूल में आयोजित सीआईएससीई जोनल लेवल योगा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने संतुलन, लचीलापन, एकाग्रता एवं योग कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 आर्टिस्टिक सिंगल (कलात्मक एकल योग) वर्ग में यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-14 ट्रेडिशनल सिंगल (पारंपरिक एकल योग) वर्ग में हार्दिक ने सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अंडर-17 आर्टिस्टिक सिंगल वर्ग में मन्नत ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इसके अतिरिक्त अंडर-14 रिदमिक पेयर (तालबद्ध युगल योग) प्रतियोगिता में धनवी एवं प्रिंसी की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर-14 आर्टिस्टिक पेयर (कलात्मक युगल योग) वर्ग में यशस्वी एवं रान्या की जोड़ी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया।

## बिजली-पानी की मांग पर ग्रामीणों का धरना जारी, भाखड़ा पाइपलाइन का काम रोका



हांसी। बिजली व पानी की समस्या को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- ग्रामीण बोले-लंबे समय से रखा मूलभूत सुविधाओं से वंचित

बरवाला रोड स्थित चानौत गांव में बिजली और पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों का धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान ग्रामीण हांसी शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन की खुदाई का काम रुकवाकर मौके पर ही धरने पर बैठे हैं। धरनारत ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव की पेयजल और बिजली संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक पाइपलाइन का कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि लंबे समय से गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, और अब भी उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि गांव चानौत को हांसी शहर जाने वाली पाइपलाइन से पीने के पानी की पाइपलाइन दी जाए, गांव के जलघर के डब्ल्यूटीपी का बजट जारी किया जाए तथा गांव के लिए बिजली सप्लाई को दुरुस्त रखने के लिए लाइनमैन नियुक्त किया जाए। धरने पर बैठे गांव के सरपंच हिमांशु दूहन व सामाजिक कार्यकर्ता अनूप चानौत ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाएंगी, तब तक उनका यह धरना व आंदोलन जारी रहेगा।

## राव नरेंद्र के आवास पर हमला कानून व्यवस्था की विफलता का प्रमाण

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नारनौल स्थित आवास पर अज्ञात हथियारबंद बदमाशों द्वारा घुसकर हमला करने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का गंभीर उदाहरण बताया है। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि रात के अंधेरे में एक परिवार के घर में घुसकर भय और दहशत फैलाने की यह घटना केवल एक राजनीतिक नेता पर हमला नहीं, बल्कि हर उस परिवार की सुरक्षा पर हमला है जो अपने घर को सबसे सुरक्षित स्थान मानता है। जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जैसे वरिष्ठ नेता और उनका परिवार ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल।

## वेदा हॉस्पिटल में फीटल इमेजिंग व स्क्रीनिंग पर सीएमई सेमिनार



हिसार। सेमिनार में जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

- फीटल इमेजिंग और स्क्रीनिंग पर विशेषज्ञों ने साझा की आधुनिक तकनीकी जानकारी

**हिसार।** हिसार के सेक्टर 16-17 स्थित वेदा हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विंग में 'फीटल इमेजिंग एंड स्क्रीनिंग' पर निरंतर चिकित्सा शिक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विशेष चिकित्सा संगोष्ठी में क्षेत्र के अग्रणी रेडियोलॉजिस्ट, और स्त्री रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस सीएमई के मुख्य वक्ता प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दीपक यादव रहे, जिन्होंने गर्भ में पल रहे शिशु की शुरुआती जांच और गंभीर विसंगतियों का समय पर पता लगाने की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य प्रसव पूर्व जांच और मातृ-शिशु देखभाल के क्षेत्र में आ रहे नए तकनीकी बदलावों से डॉक्टरों को अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित मुख्य विषयों पर गहन चर्चा की गईः प्रथम तिमाही लेवल 1 स्कैन गर्भधारण के शुरुआती हफ्तों में शिशु के विकास की सटीक निगरानी। फीटल कार्डिएक और न्यूरोलॉजी स्क्रीनिंगः गर्भस्थ शिशु के हृदय और मस्तिष्क से जुड़ी संभावित समस्याओं की शुरुआती जांच। फीटल इको, एक्लेम्पसिया और प्री-एक्लेम्पसिया डॉपलरः गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप और मां व शिशु में रक्त प्रवाह की स्थिति को समझाया।

## राजेश पनिहार आदमपुर ब्लॉक के प्रधान बने

**आदमपुर।** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा के आदमपुर ब्लॉक कमेटी का दसवां सम्मेलन व्यापार मंडल धर्मशाला आदमपुर में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता राजेश पनिहार ने की और संचालन हरिस्वरुप चूलियन ने किया। आदमपुर विधायक चंद्र प्रकाश इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विकलांगों की समस्याओं को सुना और विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने स्तर पर भी समाधान का आश्वासन दिया। विकलांग कमेटी आदमपुर ने विधायक के समक्ष विकलांग आश्रम बनाने की मांग रखी और मांग पत्र सौंपा।

महासचिव ऋषिकेश राजली ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विकलांगों को 40 प्रतिशत पर बस पास देने की घोषणा तो कर दी लेकिन अलग-अलग जिलों में मंच के पास सूचनाएं आ रही है कि विकलांगों से टिकट ली जा रही है, मना करने पर बसों से नीचे उतरा जा रहा है। जिला प्रधान कृष्ण गुरी ने बताया कि 24 मई को हिसार का जिला सम्मेलन व 20 मई को उकलाना ब्लॉक का सम्मेलन किया जाएगा। सम्मेलन को मुकेश कुमार, कामरेड श्रवण कुमार, सुभाष जिला कोषाध्यक्ष, राममेहर रोहिला, सुबेसिंह लोहान, राकेश जांगड़ा आदमपुर आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें राजेश पनिहार को प्रधान, बलवंत काबरेल सचिव, प्रेम सीसवाल कोषाध्यक्ष, राधेश्याम लाडवी को उप प्रधान, राजेश सलेमगढ सह सचिव, हरिस्वरूप चुलियन सलाहकार और राजेश घुड़साल, आत्माराम मोडाखेड़ा, लाजवंती को सदस्य चुना गया है।

## पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने लोगों को किया जागरूक

**हिसार।** जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीम द्वारा गांवों व शहरों में घर-घर जाकर नशे से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नशा मुक्ति टीम द्वारा चिन्हित किए गए नशा पीड़ित व्यक्तियों को सरकारी अस्पतालों में ले जाकर चिकित्सकों से परामर्श व आवश्यक दवाई उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा मरीजों को उपचार के बाद सुरक्षित उनके घर तक भी पहुंचाया जा रहा है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इतना ही नहीं, पुलिस द्वारा दवाई दिलवाने के बाद भी नशा पीड़ित व्यक्तियों से लगातार फोन के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली जा रही है। यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत सहायता उपलब्ध का आश्वासन भी दिया।

## रंगोत्सव आर्ट कैंप की तैयारियों को लेकर आकार वेलफेयर सोसायटी ने बुलाई बैठक



हिसार। बैठक में मौजूद सोसायटी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जून माह में होने वाले निःशुल्क तीसरे रंगोत्सव-2026 आर्ट कैंप की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी यह कार्यक्रम जिंदल टावर पार्क में 31 मई से 7 जून तक आयोजित किया जाएगा। सोसायटी पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, प्रतिभागियों के पंजीकरण, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही आयोजन को अनुशासित एवं समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी बनाने को लेकर अपने सुझाव साझा किए गए। उन्होंने बताया कि रंगोत्सव-2026 का उद्देश्य कला, संस्कृति एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

## रक्तदान से बड़ा कोई सेवा कार्य नहीं यह जीवन बचाने का माध्यमः चंद्रप्रकाश

**आदमपुर।** विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और हलकावासियों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने पेयजल व बिजली की किल्लत की समस्या से अवगत करवाया। चंद्रप्रकाश ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात करके इन समस्याओं का तुरंत निदान करवाने की बात कही। जनता दरबार के उपरांत विधायक चंद्रप्रकाश ने कार्यकर्ताओं के साथ मंडी आदमपुर में आयोजित रक्तदान शिविर, विकलांग अधिकार मंच के सम्मेलन एवं संघर्ष समिति के धरना व प्रदर्शन में हिस्सा लिया। शहीद भगत सिंह युवा मंडल, एनजीओ लोक निर्माण व शनि मानव सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंचने पर चंद्रप्रकाश का फूल मालाओं व बुके से स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश ने कहा कि किसी की जान बचाने के लिए किया गया रक्तदान किसी भी सेवा कार्य से बढ़कर है। इसलिए हर स्वस्थ इंसान को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।



शिविर में रक्तदाताओं व आयोजकों के साथ विधायक चंद्रप्रकाश।

## एनआईआरसी हिसार ब्रांच 22 व 23 मई को दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच के तत्वावधान में आईसीएआई की जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति द्वारा 22 व 23 मई को जीएसटी पर आधारित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली इस कॉन्फ्रेंस का समय दोनों दिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल ने बताया कि जीएसटी आधारित कॉन्फ्रेस में सीए जेके मित्तल, सीए नव्य मल्होत्रा, सीए विकास ओमार, सीए आंचल कपूर, सीए सौरभ जैन व सीए नेहा सुखीजा जीएसटी के विविध आयामों पर प्रकाश डालेंगे। इस दौरान हाल ही में जीएसटी में की गई नई अपडेट पर विशेष चर्चा होगी और पैनल डिस्कशन भी किया जाएगा। अपीलीय आदेशों का अध्ययन, अपील का प्रारूपण, जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट, रिटर्न और संबंधित अनुपालन आदि पर भी जानकारी प्रदान की जाएगी।



हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल।

## बिजली संबंधी समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे : डॉ. योगेश बिदानी

### पंजाबी वेलफेयर सोसायटी ने किया डॉ. बिदानी का नागरिक अभिनन्दन

**हिसार।** हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक (स्वतंत्र) डॉ. योगेश बिदानी ने कहा है कि सरकार द्वारा उन्हें सौंपे गए दायित्व को वे निष्ठापूर्वक पूरा करेंगे और बिजली संबंधी जन समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

डॉ. योगेश बिदानी पंजाबी वेलफेयर सोसायटी की ओर से सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से रूबरू हो रहे थे। अपने नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम में डॉ. बिदानी ने जन समुदाय को आश्वस्त किया कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार और ऊर्जा मंत्री अनिल विज का आभार जताते हुए कहा कि वे सरकार के भरोसे को कायम रखेंगे तथा 36 बिरादरी को साथ लेकर सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे बखूबी निभाएंगे। कार्यक्रम में उन्होंने पंजाबी वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारियों का भी कार्यक्रम आयोजित करने पर आभार जताया। इस मौके पर पंजाबी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शम्मी नागपाल, सचिव विजय नागपाल, महासचिव राकेश चौपड़ा, तिलक आहुजा, सरपरस्त विजय ग्रोवर, वेद अरोड़ा, विनोद अरोड़ा, पीडी तनेजा, डॉ. राजकुमार आहुजा, डॉ. अशोक आहुजा, जितेन्द्र भारती, सुधीर गाबा, विजय ढल, देसराज मनचंदा व अन्य



डॉ. योगेश बिदानी का अभिनंदन करते पंजाबी वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## शनि जयंती व ज्येष्ठ अमावस्या के उपलक्ष्य में सिसाय पुल पर लगी छबील



हांसी। शनि जयंती पर राहगीरों को मीठा पानी पिलाते साहिल भयाणा।

**हांसी।** श्री शनिदेव जयंती और ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर ऐतिहासिक तीर्थ स्थान मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा की ओर से सिसाय पुल के पास राहगीरों के लिए शीतल एवं मीठे जल की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी के बीच लगाए गए इस सेवा शिविर में विधायक पुत्र एवं भाजपा नेता साहिल भयाना विशेष रूप से पहुंचे और सेवा की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता साहिल भयाना ने स्वयं अपने हाथों से राहगीरों, वाहन चालकों और आम जनता को शीतल जल परोसा। चिलचिलाती धूप और तपती गर्मी में सफर कर रहे लोगों ने मीठा पानी पीकर राहत महसूस की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## रेलवे से रास्ता देने की मांग पर अनिश्चितकालीन धरना जारी



हिसार। रास्ता छोड़ने की मांग पर विधायक को ज्ञापन देते समिति के लोग। फोटो : हरिभूमि

**आदमपुर।** आदमपुर में रेलवे विभाग द्वारा जवाहर नगर की साइड में बनाई जा रही दीवार को लेकर रास्ता बंद होने के चलते परेशानी को देखते हुए देखते हुए रास्ता छोड़ने की मांग पर जवाहर नगर के लोगों जन प्रतिनिधियों ने धरना जारी रहा। धरने पर आदमपुर के विधायक चन्द्र प्रकाश भी पहुंचे तथा उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया इस बारे में जिलाधिकारियों से बातचीत करेंगे तथा रेलवे विभाग को भी पत्र लिखेंगे ताकि जवाहर नगर के लोगों को परेशानी न होने पाए। समिति की तरफ से विधायक को ज्ञापन भी दिया गया जिसमें समस्या के समाधान की मांग की गई। लोगों ने बताया कि इस दीवार के बनने से जवाहर नगर के लोगों के सामने बड़ी समस्या आएगी तथा एक तरह से हिंदुस्तान पाकिस्तान की तरह बॉर्डर बन जाएगा तथा जवाहर नगर के लोग लोगों को रेलवे स्टेशन पर आने के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने तथा जवाहर नगर के लोगों ने रेलवे विभाग से गोल टंकी वाली गली के सामने तथा गुरुद्वारा गली के सामने रास्ता छोड़ने की मांग की है।

## ग्रेपलिंग कमेटी की बैठक में गतिविधियों की समीक्षा

# 24 और 25 मई को जिला स्तरीय ग्रेपलिंग टूर्नामेंट में 250 खिलाड़ी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ग्रेपलिंग कमेटी हिसार की वार्षिक बैठक यहां हुई। बैठक में विगत वित्तीय वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा ग्रेपलिंग खेल को और अधिक प्रोत्साहित करने एवं विस्तार देने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसके तहत सुकरम पाल बेनीवाल को ग्रेपलिंग कमेटी हिसार का नया चेयरमैन, रामेश्वर दास को अनुशासन समिति का अध्यक्ष तथा अमृत पाल को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष रण सिंह पंवार ने की। उन्होंने ग्रेपलिंग खेल को ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रिय बनाने और युवाओं को इससे जोड़ने पर जोर दिया। कमेटी की महासचिव रिनु बेनीवाल ने बताया कि 24-25 मई को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बहबलपुर में जिला स्तरीय ग्रेपलिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर, कैडेट, सीनियर तथा वेटरन श्रेणियों में महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

अनुशासन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेश्वर दास ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रेपलिंग कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद स्वामी, महासचिव विनोद शर्मा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में जिला स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा राज्य ग्रेपलिंग में प्रथम स्थान पर है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों से मजबूत टीम तैयार होकर राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बीरबल स्वामी, एडवोकेट राय सिंह चौहान सहित कमेटी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## गुजवि ने घोषित किया विभिन्न विषयों का परीक्षा परिणाम

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2025 में आयोजित एमएससी योगा साइंस थेरेपी-178 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022-2024, बीटेक एमई-162 एनसीसी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीटेक आईटी-14 एनसीसी पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीटेक एमई-162 एनसीसी पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीटेक ईसीई-152 एनसीसी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीटेक ईसीई-152 एनसीसी पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमटेक प्रिंटिंग तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, बीटेक फूड टेक्नोलॉजी-083 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2023, बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी सातवां सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीटेक सीएसई (एआई एंड एमएल) तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2023, बीटेक सीएसई तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021-2023, इंटीग्रेटेड बीएससी ऑनर्स-ऑनर्स विद रिसर्च-एमएससी जियोग्राफी तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, बीटेक सीएसई (एआई एंड एमएल) एनसीसी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023-2024, बीटेक सीएसई एनसीसी पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीटेक सीएसई (एआई एंड एमएल) एनसीसी पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीटेक ईबीएमई तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2023, बीटेक सीएसई (एआई एंड एमएल) तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, बीटेक सीएसई (एआई एंड एमएल) पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए-010 ग्रुप-बी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024 तथा इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए-010 ग्रुप-ए तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।